विश्व स्कार्फ दिवस समारोह 2022–23

दिनांक 1 अगस्त 2022 को सेंट मोंटफोर्ट स्कूल पटेल नगर भोपाल में विश्व स्कार्फ दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया ।

इस अवसर पर स्काउट मास्टर श्री संजू मेवाड़े जी ने विद्यालय के प्राचार्य आदरणीय ब्रदर मोनाचन को स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया।

साथ ही विद्यालय के उप प्राचार्य आदरणीय ब्रदर एडमंड, कोऑर्डिनेटर सिस्टर जैनी ,सिस्टर चैतन्या एवं श्रीमती ज्योति नायर को स्कार्फ पहनाकर इस दिवस की बधाई दी। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों को भी स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया गया।

प्राचार्य जी द्वारा इस कार्यक्रम की सराहना एवं प्रशंसा की गई।

साथ ही छात्रों को स्काउट एवं गाइड के नियमों को समझाते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई।

इसी श्रंखला में भारत स्काउट गाइड जिला संघ भोपाल एवं सेंट मोंन्टफोर्ट विद्यालय के स्काउट गाइड द्वारा की सहायक राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) श्रीमती उषा यादव ने विश्व स्कार्फ दिवस पर कलेक्टर श्री अविनाश लवानिया ,अपर कलेक्टर माया अवस्थी, स्काउट एवं गाइड के राज्य सचिव राजेश मिश्रा, राज्य संगठन आयुक्त अपर संचालक आर एस तोमर, एवं जिला शिक्षा अधिकारी नितिन सक्सेना को स्कार्फ पहनाए । स्काउट संजू मेवाड़े श्रीमती किरण कोगे सहित स्काउटर ,गाइडर एवं रोवर इस मौके पर शामिल रहे । वहीं स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री और अध्यक्ष स्काउट गाइड इंदर सिंह परमार को स्काउट्स एवं गाइड्स के पदाधिकारियों को स्कार्फ पहना कर स्वागत किया।

इस प्रकार उत्साह पूर्वक समारोह संपन्न हुआ।

श्रीमती रेखा श्रीवास्तव